Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 02-08-2005

Participants : Patle Shri Shishupal Natthu

an>

Title: Need to promote Mahua based small scale industries in Gondia and other districts of Maharashtra with a view to provide employment in the region. – Laid.

श्री शिशुपाल एन. पाटले (भन्डारा) : अध्यक्ष महोदय, महाराट्र के कुछ जिलों में, जिनमें मुख्य रूप से गोंदिया, भंडारा, गढ़ चरौली, चन्द्रपुर इत्यादि जिलों में महवा फूल अत्यधिक मात्रा में उपलब्ध हैं जबकि इसके फूल से अन्न औाधि, तेल, उच्च कोटि का एल्कोहल तैयार किए जा सकते हैं तथा अनेक घरेलू उद्योग स्थापित करके किसानों तथा ग्रामीण बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सकता है। लेकिन यह सब तभी संभव है जब महवा फूल से उत्पादित होने वाली चीजों पर प्रतिबंध हटाया जायेगा क्योंकि इसको बेचने पर सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाया जा चुका है जबकि सरकार द्वारा अंगूर ज्वारी, गेंहू, जौ, गुड़ उत्पादित गन्ने का मौलाशिा इत्यादि द्वारा बनाने की अनुमति दी गयी है लेकिन महवा फूल के द्वारा उत्पादित करने के लिए सरकार द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है। इस प्रतिबंध को शीघ्र समाप्त किया जाना चाहिए। केन्द्र शीघ्र महवा झाड़ को काटने से रोक तथा उसके पदार्थों से खाद्य एवं दवाइयों के उपयोग को ध्यान में रखते हुए महवा फूल को एकत्रित करके इससे खाद्य पदार्थ तैयार करने, उसका सेवन करने, बेचने के लिए एक राज्य से दूसरे राज्यों में आवाजाही के प्रतिबंध से मुक्त किया जाये, जिससे किसानों तथा बेरोजगार ग्रामीण युवकों को रोजगार प्राप्त हो सके। साथ ही इन क्षेत्रों में कुटीर तथा लघु उद्योगों को स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए तथा आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी जाये।